# हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(द्वितीय सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

## शुक्रवार, 16 मार्च, 2018/25 फाल्गुन, 1939 (शक्)

----

**[सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - उद्योग मन्त्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री ].**

**कुल प्रश्न - 35**

----

### भवन का निर्माण

*126 **श्री पवन कुमार काजल(कांगड़ा) :**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि राजकीय महाविद्यालय मटौर की कक्षाएं वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में चल रही हैं;

(ख) यदि हां, तो भवन निर्माण हेतु क्या पग उठा रही है;

(ग) राजकीय महाविद्यालय, तकीपुर (कांगड़ा) में विज्ञान की कक्षाएं चल रही हैं; और

(घ) यदि नहीं, तो सरकार कब तक चलाने का विचार करेगी ?

----

### कुहलों की अद्यतन स्थिति

*127 **श्री मुलख राज (बैजनाथ):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितनी कुहलों का निर्माण / मरम्मत /पुनर्निर्माण /सुधारीकरण किया गया है तथा इस पर कितनी धनराशि व्यय की गई है; ब्यौरा अद्यतन स्थिति सहित दें; और

(ख) किए गए कार्यों का भुगतान कर दिया गया है; ब्यौरा दें?

----

## सिविल अस्पताल का दर्जा

***128 श्रीमती कमलेश कुमारी (भोरंज):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि भोरंज अस्पताल को सिविल अस्पताल का दर्जा दिया गया है; यदि हां, तो इसकी अद्यतन स्थिति क्या है;

(ख) इसमें कितने डॉक्टरों के पद स्वीकृत हैं तथा कितने रिक्त हैं; और

(ग) रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

----

## Water Supply/Irrigation Schemes

***129 Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-

(a) how many Water Supply and Irrigation schemes are incomplete in Shillai Assembly Constituency;

(b) when these schemes were started and what is the latest position of each scheme; and

(c) by when these schemes will be completed?

----

## Closure of Educational Institutions

***130 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Education Minister** be pleased to state that how many educational institutions have been closed by the present Government in the Pradesh upto 15th February, 2018 details be given constituencywise?

----

## Phinna Singh Medium Irrigation Project

***131 Sh. Rakesh Pathania (Nurpur):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-

(a) what is the latest postition of Phinna Singh Medium Irrigation Project at Nurpur;

(b) how much expenditure has been incurred on the project during the last three years; and

(c) by when this project will be completed?

----

## नागरिक अस्पताल करसोग

***132 श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) नागरिक अस्पताल, करसोग में कितने पद डॉक्टरों के स्वीकृत हैं व कितने रिक्त हैं; और

(ख) रिक्त पदों को कब तक भरा जाएगा?

----

## पॉली हाऊस निर्माण

***133 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) बागवानी मिशन के अन्तर्गत प्रदेश में कितने कृषकों ने Poly Houses का निर्माण किया और समय-समय पर उन्हें कितना-कितना उपदान दिया गया; ब्यौरा दें;

(ख) बैंकों द्वारा दी गई अनुदान राशि जमा न करवा पाने के कारण कितने कृषकों की जमीन को बैंकों ने कुर्की करने के नोटिस जारी किए; ब्यौरा दें; और

(ग) क्या सरकार इनके ऋणों को माफ करने का विचार रखती है?

----

## ऊना में PGI का उपक्रम

***134 श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) क्या ऊना जिला में PGI चण्डीगढ़ का कोई स्वास्थ्य उपक्रम बनना विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो इसकी कोई अधिसूचना या प्रदेश सरकार के साथ करार हुआ है; और

(ग) इसके लिए बजट का प्रावधान PGI प्रबंधन ने किया है; ब्यौरा दें ?

----

## विकास कार्यों हेतु धनराशि

***135 श्री सुन्दर सिंह ठाकुर (कुल्लू):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-
(क) यह सत्य है कि मणिकर्ण एवं कसोल क्षेत्र को साडा के अन्तर्गत लाया गया है; यदि हां, तो कब; और

(ख) विकास कार्यों हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत हुई तथा कितनी व्यय की गई; ब्यौरा विकास कार्यों सहित दें?

----

## सिंचाई योजनाएं

***136 श्री जवाहर ठाकुर (दरंग ):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में दरंग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डल, मंडी और पद्धर द्वारा किन-किन ग्रेविटी व उठाऊ सिंचाई योजनाओं का कार्य आरम्भ किया गया; और

(ख) इनमें से कितनी योजनाओं का कार्य पूर्ण हो गया है तथा कितनी अधूरी हैं; ब्यौरा योजनावार दें?

----

## दुग्ध पदार्थों की गुणवत्ता

***137 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) प्रदेश के बाहर से की जा रही दूध व दूध से बने पदार्थों की आपूर्ति की गुणवत्ता जांचने हेतु कोई मापदण्ड निर्धारित किए हैं; यदि हां, तो ब्यौरा दें; और

(ख) गत तीन वर्षों में प्रदेश के बाहर से आने वाले इन पदार्थों के कितने सैम्पल लिये गये व इनमें कितने फेल हुये; ब्यौरा सैम्पलवार दें?

----

## जलवायु परिवर्तन

***138 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में कितनी पेयजल/सिंचाई योजनाएं जलवायु परिवर्तन के कारण प्रभावित हुई हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार इस सन्दर्भ में कोई योजना बनाने का विचार रखती है?

----

## Vacant posts

***139 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

a) how many posts of Ayurvedic doctors are lying vacant in the state; details be given districtwise; and

b) by when the government proposes to fill up these posts?

----

## विद्यालयों में रिक्तियां

***140 श्री किशोरी लाल (आनी) :**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितनी प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाएं हैं;

(ख) इन पाठशालाओं में कितने पद जे0बी0टी0, टी0जी0टी0 (कला) एवं टी0जी0टी0 (मैडिकल एवं नॉन मैडिकल) विभिन्न संकाय और शास्त्री के स्वीकृत हैं व कितने रिक्त हैं; श्रेणीवार ब्यौरा दें; और

(ग) इन रिक्त पदों को भरने का सरकार कब तक विचार रखती है?

----

## पंचायतों का हस्तान्तरण

*141 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि कसुम्पटी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की बणी, चियोग, धरेच, सतोग पंचायतें सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डल मतियाना के अधीन हैं; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इन पंचायतों को शिमला मण्डल के अन्तर्गत हस्तान्तरित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

----

## अध्यापकों की नियुक्तियां

*142 **श्री होशयार सिंह (देहरा)ः**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में नियुक्त किए गए अध्यापकों के क्या मापदण्ड थे;

(ख) इनमें से कितने अधीनस्थ चयन सेवा आयोग ने पैरा टीचर एवं बैचवाईज भर्ती किये; और

(ग) जिन्होंने टैट उत्तीर्ण किया है, उनकी बैचवाईज नियुक्तियां सरकार कब तक करने का विचार रखती है?

----

## सिंचाई योजना

*143 **श्री सुख राम (पांवटा साहिब)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डल, पांवटा साहिब के अन्तर्गत गिरि सिंचाई दायां तट, गिरि सिंचाई बायां तट, बातामाजरा, गिरि रामपुर व गिरि पुरूवाला नहरों से कितनी बीघा जमीन की सिंचाई की योजना है;

(ख) वर्तमान में इन नहरों से कितने बीघा जमीन की सिंचाई की जा रही है; और

(ग) लगातार नहरों से सिंचित होने वाले क्षेत्र के कम होने के क्या कारण हैं और उसके सुधारीकरण के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है; ब्यौरा दें?

----

## बागवानी परियोजना

***144** **श्री अरूण कुमार (नगरोटा):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश को बागवानी क्षेत्र में 1134 करोड़ की परियोजना केन्द्र सरकार से प्राप्त हुई है; कितनी धनराशि किन-किन क्षेत्रों को रखी गई है; ब्यौरा दें; और

(ख) गत तीन वर्षों में इस योजना के अन्तर्गत कितने फलदार पौधे विदेशों से किन दामों पर लिए गए; इनमें कितने पौधे बीमारी से ग्रस्त थे और किन-किन को वितरित किए; नाम व पते सहित ब्यौरा दें?

----

## Registered Unemployed

***145** **Sh. Sukhvinder Singh Sukhu (Nadaun):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state that:-

(a) how many persons are registered in the Employment Exchanges of H.P. till 31-12-2017; and

(b) what steps the Government is taking to provide the employment to these youths?

----

## Appointment of Chairman SADA

***146** **Sh. Jagat Singh Negi (Kinnaur):**

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state that:-

(a) since when the MLA Kinnaur has been the chairman of SADA Reckong-Peo in Distt Kinnaur; and

(b) whether it is fact that now MLA Kinnaur has been replaced by Deputy Commissioner as chairman of the SADA; if so, reasons thereof ?

----

## उद्योगों की स्थापना

***147** **श्री राजेश ठाकुर (गगरेट):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में जिला ऊना में कितने उद्योग स्थापित किए गए; ब्यौरा दें; और

(ख) औद्योगिक क्षेत्र पंडोगा को विकसित करने हेतु भूमि का अधिग्रहण किया गया; कितनी धनराशि इस पर व्यय की गई; कितने हरे पेड़ काटे गए; ब्यौरा दें?

----

## आऊटसोर्स कर्मचारी

***148 श्री पवन नैय्यर (चम्बा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चम्बा मैडिकल कॉलेज में आऊटसोर्स कर्मचारियों को रखने के लिए किन कम्पनियों को जिम्मा सौंपा गया है; नाम और एग्रीमेंट की प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## CA Store

***149 Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that what is the latest position of CA Store to be opened at Rampur/Nankhari block?

----

## सुजानपुर नगर टाऊन हॉल

***150 श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) सुजानपुर नगर में टाऊन हॉल के निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत हुई; और

(ख) क्या इसकी निविदाएं कर दी गई; यदि नहीं ,तो कारण?

----

## Repair/Renovation of Schools

***151 Sh. Balbir Singh (Chintpurni):**

Will the **Education Minister** be pleased to state that:-

(a) during the last three years how much funds have been sanctioned in Chintpurni Assembly Constituency for repair and renovation work of the School buildings; details be given; and

(b) whether all norms were followed; if not, what action has been taken against the erring officers by the Government?

----

## GSSS Banuna

***152 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Education Minister** be pleased to state that how much amount has been sanctioned for construction of additional accommodation of GSSS Banuna Science Block in GP Himri of Shimla Rural?

----

## चैंरा खड्ड बालीधार उठाऊ पेयजल योजना

***153 श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डल, करसोग के अन्तर्गत चैंरा खड्ड से बालीधार (मांहूनाग) उठाऊ पेयजल योजना की अद्यतन स्थिति क्या है तथा इस पर कितनी धनराशि व्यय की गई है; इसका कार्य कब पूर्ण किया जाएगा?

----

## प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, राजपूरा, घवांडल

***154 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन, राजपूरा का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण किया जाएगा; इस पर कुल कितनी धनराशि व्यय की गई है; ब्यौरा दें?

(ख) सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घवांडल (श्री नैना देवीजी) की आधारशिला कब रखी गई तथा इसे 50 बिस्तरों के अस्पताल में स्तरोन्नत कब किया गया;

(ग) क्या श्री नैना देवीजी मंदिर ट्रस्ट ने अस्पताल के लिए पांच करोड़ रुपये देने के लिए सहमति पत्र सरकार को दिया है; और

(घ) यदि हां, तो कार्य कब पूर्ण कर लिया जाएगा ?

----

## पेयजल योजनाएं

***155 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश में सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग ने कितनी पेयजल व सिंचाई योजनाएं ठेके पर दी; ठेकेदारों के नाम व पते तथा ठेके की राशि सहित ब्यौरा जिलावार दें; और

(ख) यह योजनायें कितने-कितने समय के लिए ठेके पर दी गई हैं; ठेके की शर्तों सहित ब्यौरा योजनावार दें?

----

## आयुर्वैदिक केन्द्र

***156** **श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने आयुर्वैदिक स्वास्थ्य केन्द्र व अस्पताल विद्यामान हैं;

(ख) इन संस्थानों में विभिन्न श्रेणियों के कितने-कितने पद स्वीकृत हैं और कितने रिक्त हैं; श्रेणीवार ब्यौरा दें; और

(ग) रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

----

## गगरेट सीवरेज योजना

***157** **श्री राजेश ठाकुर (गगरेट):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) नगर पंचायत गगरेट सीवरेज योजना का कार्य कब प्रारम्भ किया जाएगा; और

(ख) इसके निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत है?

----

## चम्बा संस्कृत सनातन धर्म महाविद्यालय

***158** **श्री पवन नैय्यर (चम्बा):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार क्या चम्बा संस्कृत सनातन धर्म महाविद्यालय को अधिग्रहण करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

----

## Science Stream in Schools

***159** **Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Education Minister** be pleased to state that:-

(a) how many Senior Secondary Schools are without Principals at Rampur/Nankhari Block; and

(b) how many GSSS are without science stream; is there any proposal of the Government to give science stream in all GSSS Schools; details be given?

----

## फील्ड स्टाफ की रिक्तियां

***160** **श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग में फील्ड स्टाफ के कितने पद रिक्त हैं; और

(ख) इनको भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**

**दिनांकः 1 मार्च , 2018.** **सचिव।**